दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र



# क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO-
UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 15 मुरादाबाद, 05 May 2023 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## वेस्ट यूपी में था अनिल दुजाना का खौफ, एनकाउंटर के बाद सीएम योगी का बड़ा बयान

कुख्यात अनिल दुजाना का वेस्ट यूपी में बड़ा खौफ था। गुरुवार को वह पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। उधर, सीएम योगी ने कहा कि यूपी में माफिया को पनाह नहीं। गैंगस्टर अनिल दुजाना एनकाउंटर के बाद सीएम योगी का बड़ा बयान सामने आया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में माफिया की कोई जगह नहीं। इससे पहले बिजनौर में ढाई लाख का इनामी आदित्य राणा मुठभेड़ में मारा गया था। बता दें कि पुलिस ने कुख्यात अनिल दुजाना को गुरुवार को मेरठ में मुठभेड़ में मार गिराया। बताया गया कि मेरठ में भोला झाल पर सक्रिय होने की पुख्ता जानकारी होने के बाद एसटीएफ ने उसे चारों ओर से घेर लिया था। इस दौरान उसने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस की टीम ने उसे चारों ओर से घेर लिया। इसी बीच पुलिस की गोली लगने से वह ढेर हो गया।



### वेस्ट यूपी में था कुख्यात अनिल दुजाना का खौफ

कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना का वेस्ट यूपी में खौफ था। बृहस्पतिवार दोपहर को मेरठ में भोला की झाल पर एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में मारा गया। अनिल दुजाना वेस्ट यूपी में खौफ का पर्याय बना हुआ था। उस पर लूट डकैती हत्या समेत 60 से ज्यादा मुकदमे दर्ज थे। मेरठ में एसटीएफ के एसपी बृजेश सिंह के नेतृत्व में टीम ने उसे गंगनहर पर लोकेशन मिलने के बाद घेर लिया, अनिल दुजाना ने एसटीएफ की टीम पर फायरिंग की, जवाबी फायरिंग में वह मारा गया। वेस्ट यूपी के कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना के पिछले दिनों जेल से बाहर आने की सूचना मिलने के बाद कई दिन से मेरठ एसटीएफ और वेस्ट यूपी की पुलिस उस की तलाश में जुटी हुई थी। कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना पिछले काफी समय से दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद था, लेकिन कुछ समय पहले वह जमानत पर बाहर आ गया। बताया जाता है कि इसकी जानकारी मॉनिटरिंग सेल के द्वारा पुलिस को भेजी गई थी, लेकिन स्थानीय पुलिस ने इसमें संज्ञान नहीं लिया। जेल से बाहर आते ही अनिल दुजाना ने जयचंद प्रधान मर्डर केस में उसकी पत्नी और गवाह संगीता को धमकी दी। जिसके बाद उच्च अधिकारियों ने एक्शन लेते हुए अनिल दुजाना के खिलाफ पिछले सप्ताह में दो मुकदमे दर्ज किए।

### दुजाना ने की थी छपार के खाद व्यापारी की हत्या

मुजफ्फरनगर में छपार के खाद व्यापारी राजीव त्यागी की हत्या के मामले में कुख्यात अनिल दुजाना को आरोपी बनाया गया था। मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है और 11 मई को सुनवाई होनी है। छपार के खाद व्यापारी राजीव गर्ग अपने भाई संजीव त्यागी की हत्या के मामले में गवाह थे। साल 2013 में राजीव त्यागी की हत्या कर दी गई थी। वारदात में अनिल दुजाना और जोगेंद्र जुगाला समेत कई आरोपियों को नामजद किया गया था।

## मिट्टी में मिल गया एक और बड़ा माफिया, अनित दुजाना एनकाउंटर में ढेर, मौके की तस्वीर




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान के बाद एक के बाद एक एनकाउंटर हो रहे हैं। दरअसल, सीएम योगी ने विधानसभा में कहा था कि माफिया को मिट्टी में मिला देंगे। इसके बाद से यूपी में बड़े-बड़े माफिया को ठिकाने लगाया जा रहा है। बता दें कि झांसी में माफिया अतीक अहमद का बेटा असद अहमद और उसका दोस्त शूटर गुलाम पुलिस एनकाउंटर में मारा गया था। ये दोनों काफी समय से पुलिस को चकमा देकर इधर-उधर अपनी लोकेशन बदल रहे थे। लेकिन सटीक जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने असद और गुलाम को झांसी में घेर लिया था।पुलिस के अनुसार असद और गुलाम ने पुलिस कर्मियों पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की थी लेकिन, वे कामयाब नहीं हुए। क्योंकि पुलिस ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया था। इसके बाद पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों ढेर हो गए थे।इसके बाद पश्चिमी यूपी के बिजनौर जिले में कुख्यात बदमाश आदित्य राणा मुठभेड़ में मारा गया। आदित्य राणा दो बार पुलिस कस्टडी से फरार हो चुका था। पुलिस काफी समय से उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने रात में करीब ढाई बजे उसे घेर लिया था। जिसके बाद वह एनकाउंटर में मारा गया था।वहीं, अब पश्चिमी यूपी का बड़ा कुख्यात बदमाश अनित दुजाना भी मुठभेड़ में मारा गया। बताया गया कि एक सप्ताह पहले ही कुख्यात अनित दुजाना जमानत पर जेल से बाहर आया था। बताया गया कि उसके जेल से बाहर आने पर लोगों में दहशत थी।जानकारी के अनुसार, जहां कुख्यात अनित दुजाना मुठभेड़ में मारा गया है, उस जगह से 32 बोर और अन्य हथियार के 16 खोके बरामद हुए हैं।

### 23 साल पहले अवैध सरिए का कारोबार करता था अनिल दुजाना

वर्ष 2000 से पूर्व अनिल दुजाना, सुंदर भाटी के लिए अवैध सरिया का कारोबार का कार्य करता था। वह अवैध सरिया कारोबार से हुई कमाई का कुछ हिस्सा सुंदर माटी को देता था। चूंकि अनिल दुजाना कुख्यात किस्म का अपराधी नहीं था, इसलिए अपराध जगत में अपना वर्चस्व बढ़ाने के लिए इसने सुंदर भाटी के नाम का सहारा लिया और धीरे-धीरे अपराध कर अपना नाम विख्यात करता रहा।

## पत्नी संग मतदान करने पहुंचा ढाई फीट का अंजीम मंसूरी, सेल्फी लेने वालों की लगी भीड़

उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव के दौरान शामली के कैराना में ढाई फीट का अजीम मंसूरी पत्नी और परिवार के साथ मतदान करने मतदान केंद्र पहुंचा तो एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया। यहां लोगों की भीड़ अजीम के साथ फोटो लेने के लिए लालायित नजर आई। नगर निकाय चुनाव के दौरान अलग अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। कहीं 107 साल के वृद्ध ने बूथ पहुंचकर मतदान किया तो कही दृष्टिहीन भी उत्साह से मतदान में जुटे हैं। शामली में ढाई फीट के अजीम ने पत्नी संग मतदान केंद्र पर मतदान किया। हापुड़ के मोहल्ला मजीदपुरा निवासी 3 फुट 2 इंच फीट कद की बुशरा और जिला शामली के कैराना क्षेत्र के मोहल्ला जोड़वा कुआं निवासी 2 फुट छह इंच कद के अजीम मंसूरी का निकाह चर्चा में रहा था। अब निकाय चुनाव के प्रथम चरण में शामली में आज मतदान हुआ तो अजीम पत्नी बुशरा के साथ मतदान केंद्र पहुंचा। यहां पहुंचने पर एक बार फिर दोनों चर्चा में आ गए हैं।



### निकाय चुनाव में अपनी भूमिका निभाने पहुंचा दंपती

शामली के कैराना क्षेत्र के मोहल्ला जोड़वा कुआं निवासी हाजी नसीम मंसूरी के सबसे बड़े बेटे अजीम मंसूरी का कद महज 2 फीट 6 इंच है। अजीम का कहना है कि उसके माता-पिता छोटा कद होने की वजह से उसका निकाह नहीं करा पा रहे थे। लेकिन उसकी मुराद आखिरकार पूरी हुई और उसे हापुड़ में उसकी ही कद काठी की लड़की मिली जिससे उसका निकाह हुआ। दोनों खुश हैं। आज चुनाव के दौरान कैराना में मतदान केंद्र पर पत्नी और परिवार के साथ अजीम वोट डालने पहुंचा।

### सीएम योगी से लगाई थी निकाह की गुहार

निकाह कराने के लिए अजीम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व मुलायम सिंह से भी गुहार लगाई थी। कुछ समय पहले उसने शामली महिला थाने में पहुंचकर भी निकाह कराने के लिए गुहार लगाई थी। उसने जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से भी मदद मांगी थी। अजीम बेहद शिद्दत से निकाह करना चाहता था। जिसके लिए वह काफी लंबे समय से अपनी सपनों की रानी की तलाश में जुटा हुआ था। निकाह कराने के लिए अजीम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व मुलायम सिंह से भी गुहार लगाई थी। कुछ समय पहले उसने शामली महिला थाने में पहुंचकर भी निकाह कराने के लिए गुहार लगाई थी। उसने जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से भी मदद मांगी थी। निकाह करने की गुहार लगाने के लिए थाने में पहुंचे अजीम की किसी ने वीडियो बना ली थी। जिसके बाद उसे सोशल मीडिया पर डाल दिया गया था, जो काफी वायरल भी हुआ था।

## गजरौला में लाठी भांजकर वोटरों को खदेड़ा, पथराव में पोलिंग पार्टी की दो बस और कार क्षतिग्रस्त

उत्तर प्रदेश गजरौला में बसपा प्रत्याशी पति को हिरासत में लेने के बाद समर्थक भड़क गए। पुलिस ने वोटरों को लाठी भांजकर खदेड़ा। इस दौरान जमकर पथराव हुआ। पथराव में दो बस और कार क्षतिग्रस्त हो गई। सपा प्रत्याशी उर्वशी ने भाजपाइयों पर वोट नहीं डालने देने का आरोप लगाया है।अमरोहा के गजरौला नगर पालिका में मतदान के दौरान भाजपाइयों पर वोट नहीं डालने देने का आरोप लगाकर बसपा प्रत्याशी के समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को लाठी भांजकर खदेड़ दिया। इसके बाद पुलिस बसपा प्रत्याशी के पति हरपाल सिंह को हिरासत में लेकर थाने ले गई। इस पर समर्थकों का गुस्सा भड़क गया। गुस्साए समर्थकों ने पुलिस प्रशासन पर भाजपा के इशारे पर कार्य करने का आरोप लगाया।



आक्रोशित भीड़ ने पथराव कर दिया। पथराव में पोलिंग पार्टी के लिए लगाई गई दो बसों के शीशे टूट गए। जबकि एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। पथराव और भगदड़ के दौरान कई लोग चोटिल हुए हैं। वहीं अमरोहा नगर के मोहल्ला पटवाल स्थित एमकेयूएम बूथ पर वार्ड सभासद पद के रालोद प्रत्याशी ने भाजपाइयों पर फर्जी वोटिंग कराने का आरोप लगाया। जिससे हंगामा हो गया। भाजपाई और रालोद समर्थक आमने-सामने आ गए। पुलिस से जमकर नोकझोंक हुई। मौके पर पहुंचे नौगांवा सादात विधानसभा सीट से सपा विधायक समरपाल सिंह भी रालोद प्रत्याशी के समर्थन में बोलने लगे। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और बिगड़ते हालात को संभाला। चुनाव के दौरान अमरोहा और गजरौला के कई बूथों पर गहमागहमी का माहौल बना हुआ है। सुरक्षा के लिहाज से अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई है। अमरोहा में एसएसबी को लगाया है। गजरौला नगरपालिका में अध्यक्ष पद की सपा प्रत्याशी उर्वशी ने वीडियो वायरल करके भाजपाइयों पर वोट नहीं पड़ने देने का आरोप लगाया है। जिसमें उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन को मतदान कराने की क्या आवश्यकता है, वह भाजपा प्रत्याशी को जीत का प्रमाण पत्र दे दें। उधर अमरोहा नगर के वार्ड संख्या 27 से सपा से सभासद पद की प्रत्याशी अंशु ने मतदान केंद्र के भीतर मतदान कार्मिकों पर वोटरों से कमल के फूल पर मोहर लगाने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि वह खुद वोट डालने पहुंची तब भी पीठासीन अधिकारी ने कमल के फूल पर मोहर लगाने के लिए दबाव बनाया।

# सपा प्रदेशाध्यक्ष का कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में फर्जी पत्र वायरल




मुरादाबाद- निकाय चुनाव में मतदान से पहले ही सियासी खेल होने लगे हैं। बुधवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के नाम से पैड पर कांग्रेस प्रत्याशी हाजी रिजवान कुरैशी के समर्थन में फर्जी पत्र इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। इसके लिए इंटरनेट मीडिया पर समाजवादी पार्टी का फर्जी एकाउंट बनाया गया। सांसद डा. एसटी हसन के साथ समाजवादी पार्टी के नेताओं ने जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह को तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने मामले में कार्रवाई कराने का भरोसा दिलाया है।निकाय चुनाव में मतदान से पहले ही सियासी खेल होने लगे हैं। बुधवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के नाम से पैड पर कांग्रेस प्रत्याशी हाजी रिजवान कुरैशी के समर्थन में फर्जी पत्र इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। सांसद डा. एसटी हसन, विधायक हाजी नासिर कुरैशी, निकाय चुनाव प्रभारी पूर्व मंत्री सिद्धार्थ सिंह, जिलाध्यक्ष डीपी यादव, महापौर प्रत्याशी सैयद रईसउद्दीन नईमी और पूर्व महानगर अध्यक्ष शुऐब हसन पाशा के साथ बुधवार की शाम को जिलाधिकारी के पास पहुंच गए।सपा नेताओं ने समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष डीपी यादव की तरफ से जिलाधिकारी को तहरीर दी। तहरीर में कहा है कि इंटरनेट मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आया है कि समाजवादी पार्टी का फर्जी एकाउंट बनाया गया है। उस एकाउंट से समाजवादी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के नाम से फर्जी समर्थन पत्र महापौर प्रत्याशी हाजी रिजवान कुरैशी के नाम से बना लिया। इस पत्र को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया है। यह पत्र पूर्ण रूप से कूटरचित व फर्जी है। जिसका समाजवादी पार्टी से कोई संबंध नहीं है। समाजवादी पार्टी ने ऐसा कोई समर्थन पत्र जारी नहीं किया है।इस फर्जी समर्थन पत्र को समाजवादी पार्टी की आइडी बनाकर दूसरे दल के महापौर प्रत्याशी के समर्थन में इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए ताकि जनता में इंटरनेट मीडिया के माध्यम से भ्रम की स्थिति पैदा न हो सके। समाजवादी पार्टी के महापौर प्रत्याशी सैयद रईसउद्दीन नईमी हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि समाजवादी पार्टी की तरफ से शिकायत मिली है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई कराई जा रही है।

# मुरादाबाद के SSP बोले- निर्भीक होकर करें मतदान, मतदाता की सुरक्षा में भारी फोर्स तैनात

मुरादाबाद- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने जनता से निर्भीक होकर होकर निकाय चुनाव में मतदान करने की अपील की है। एसएसपी ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर भारी फोर्स तैनात की गई है। अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में हथियारों से लैश सुरक्षा बल लगातार गश्त कर रहे हैं। कहीं भी गड़बड़ी की सूचना मिले, तो उससे तत्काल पुलिस को अवगत कराएं। झूठी सूचना अथवा अफवाह फैलाने वालों से पुलिस सख्ती के साथ निपटेगी। एसएसपी ने बताया कि नगर निगम में महापौर के अलावा पार्षद के 70 पदों के लिए मतदान की प्रक्रिया सुबह सात बजे से शुरू हो चुकी है। इसके दो नगर पालिका समेत कुल 11 अन्य निकायों में भी अध्यक्ष व सभासद पद का मतदान जारी है। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे जिले को 14 जोन व 70 सेक्टर में बांटा गया है। शांतिपूर्ण मतदान के मद्देनजर बार्डर पर पांच व जिले के भीतर 15 स्थानों पर बैरीकेट लगाए गए हैं। वहां तैनात पुलिस कर्मी संदिग्धों पर पैनी नजर गड़ाए हुए हैं। वाहनों की लगातार जांच हो रही है। इसके



अलावा बूथों की सुरक्षा में 472 निरीक्षक व उपनिरीक्षक की तैनाती की गई है। एक हजार 77 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल की ड्यूटी लगाई गई है। हथियारों से लैश 992 पुलिस के जवान बूथों पर तैनात हैं। 1,770 होमगार्ड के जवान बूथों की सुरक्षा व शांति व्यवस्था में तैनात हैं। 396 महिला हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल ड्यूटी कर रही हैं। एक कंपनी बीएसएफ, दो कंपनी व दो प्लाटून पीएसी के अलावा 150 अंडर ट्रेनिंग सब इंस्पेक्टर, 800 महिला प्रशिक्षु दारोगा की तैनाती की गई है। तीन प्रशिक्षु डिप्टी एसपी के अलावा एक अतिरिक्त सीओ की तैनाती की गई है। क्यूआरटी की 32 टीमें लगातार चलायमान हैं। संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों पर लगातार नजर रखी जा रही है। 35 कलस्टर मोबाइल पल-पल के हालात पर नजर बनाए हुए हैं। सुबह से लेकर अब तक शांति के माहौल में मतदान जारी है। एसएसपी ने लोगों से भारी तादाद में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने की अपील की है। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया के नेतृत्व में भारी मात्रा में पुलिस कर्मी महानगर में गश्त में निकले हैं। इस दौरान बगैर अनुमति वाहन चलाने वालों से पुलिस पूछताछ कर रही है। एसपी सिटी ने भी लोगों से शांतिपूर्ण मतदान की अपील की है। एसपी सिटी ने बताया कि बीते कई दिनों से शांतिपूर्ण मतदान की तैयारी चल रही है। महानगर के सभी थानों पर अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी तैनात हैं। कहीं भी गडबड़ी की स्थिति में अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।



# भारतीय संस्कृति को तार-तार करेगा समलैंगिक विवाह-किरन



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- समलैंगिक विवाह का विरोध करने सेकड़ो वरिष्ठ सामाजिक महिला कार्यकर्ताओ ने भारत के राष्ट्रपति व मुख्य न्यायमूर्ति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से अपर जिलाधिकारी प्रशासन को सौप कर समलैंगिक विवाह का विरोध किया गया।एस्ट्रो ब्यूटी थेरेपी के साथ ही कई एक सामाजिक संगठन की महिला कार्यकर्ताओ में सेकड़ो ने अपने हस्ताक्षर कर समलैंगिक विवाह का विरोध किया।इस अबसर पर डॉ0कुसुम वाष्णेय,डॉ0यज्ञेश वाष्णेय, विमलेश तिवारी, रंजना जादौन, पूनम अग्रवाल,दून पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर नीरा वाष्णेय, एस्ट्रोलॉजी ऑल डायमेंशन रिसर्च इंस्टिट्यूट की सचिव श्रीमती किरन,सरिता कुमारी मौजूद रहे।

# आग लगने पर आपातकाल में बचाव का प्रशिक्षण दिया



प्रदीप कुमार गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- स्थानीय डिफैंस कालोनी इज्जत नगर स्थित सैण्ट पौल कान्वेंट स्कूल में विशेषज्ञों ने कक्षा आठ तक के 250 से अधिक बच्चों को गत् दिनों भूकम्प से व अग्नि दुर्घटना से बचाव का प्रशिक्षण दिया। बच्चों ने अग्निशामक सिलैंडर से आग भी बुझाई। प्रशिक्षण देने में प्रधानाचार्य रूथ पौल प्रबन्धक संजय पौल सहित शिक्षिकाओं दिव्यांशी चित्रांशी, सुजाता, प्रियंका,शशि, अंजलि, तनुजा,प्रिया, प्रीति,अनु तथा सहायकों विष्णु, पूनम , अंजलि का विशेष सहयोग रहा। श्री पौल ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण आगे भी दिए जाते रहेंगे ताकि बच्चों को आपात स्थिति में बचाव करना सिखाया जा सके।

# स्टेटिक ने रमादा एनकोर( Ramada Encore ) बरेली में ईवी फास्ट चार्जिंग स्टेशन किया लांच, ग्रीन-मोबिलिटी को मिलेगा बढ़ावा

## बरेली में खुला स्टेटिक का पहला ईवी फास्ट-चार्जिंग स्टेशन




प्रदीप कुमार गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- इसे रमाडा एंकोर बाई विंधम (Ramada Encore by WYNDHAM ) के परिसर में तैयार किया गया स्टेटिक ने भारत में मौजूद रमाडा ग्रुप के सभी होटलों पर भी चार्जिंग स्टेशन लगाने की योजना है बरेली।भारत में ईवी चार्जिंग का सबसे बड़ा नेटवर्क प्रदान करने वाली कंपनी स्टेटिक ने बरेली शहर के सिविल लाइंस में स्थित बेहद भव्य और लोकप्रिय होटल Ramada Encore by WYNDHAM के परिसर में आम लोगों के लिए ईवी का तेज चार्जिंग वाला स्टेशन स्थापित किया है। बरेली में इलेक्ट्रिक वाहन चालकों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस पहल से उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए जारी विशाल अभियान को और गति मिलेगी। साथ ही, यह उत्तर प्रदेश में ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के प्रदेश सरकार के प्रयासों में भी सकारात्मक योगदान देगी। इस चार्जिंग स्टेशन में 60 किलोवाट के दो डीसी चार्जर लगाए गए हैं। इनमें से प्रत्येक गन के माध्यम से चार्जर, इलेक्ट्रिक कार को केवल 40 मिनट में ही 80 प्रतिशत तक चार्ज करने में सक्षम है। इनके अलावा, दो एसी चार्जर 3.3 किलोवाट क्षमता के लगाए गए हैं, जिनसे तेज और धीमी, दोनों तरह की चार्जिंग सेवा मिलती है। इस स्टेशन पर विभिन्न ईवी तकनीकों के साथ तैयार सभी प्रकार के चार पहिया और दो पहिया वाहन चार्ज किए जा सकते हैं। स्टेटिक के प्रोजेक्ट लीड नवदीप सिनवर का कहना है, अग्रणी स्मार्ट सिटी के रूप में, इस शहर के लोगों के लिए आने-जाने के स्मार्ट और रिन्युएबल ऑप्शंस और उनके लिए सहयोगी इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया जाना जरूरी था। यह तब और भी जरूरी हो जाता है, जब इस शहर को राज्य के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक माना जा रहा हो। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए हमें प्रसन्नता है कि हमने Ramada Encore by WYNDHAM के साथ हाथ मिलाया है और उनकी बरेली स्थित प्रॉपर्टी में यह चार्जिंग स्टेशन तैयार किया है। इस कदम से, हम उत्तर प्रदेश सरकार के हाथ भी मजबूत करना चाहते हैं। यूपी सरकार ने राज्य में अपने व्यापक और समग्र इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लान के भाग के रूप में इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रशंसनीय काम किया है। हम रमाडा समूह के साथ अपनी भागीदारी को और आगे ले जाने की योजना भी बना रहे हैं। इसके अंतर्गत, आने वाले समय में देशभर में उनकी संपत्तियों में इस प्रकार के और चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित किए जाएंगे। भारत में ईवी चार्जिंग का सबसे बड़ा नेटवर्क प्रदान करने वाली कंपनी स्टेटिक का उद्देश्य आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग करके ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करना है, जहां इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्जिंग पॉइंट्स तक आसानी से ले जाया जा सके। यह व्यावसायिक रूप से लाभदायक फेंचाइजी बिजनेस मॉडल भी उपलब्ध कराती है। इसके माध्यम से फेंचाइजी ई-वाहनों के लिए ईवी चार्जिंग स्टेशन तैयार और संचालित कर सकते हैं, जहां ई-वाहनों का प्रयोग करने वाले लोग अपनी रोजमर्रा के आवागमन के लिए वाहन-चार्जिंग की जरूरतें पूरी कर सकें।

भारत में लगातार नए इलेक्ट्रिक वाहनों की पेशकश के साथ, निवेशकों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है, जिसमें वे नए दौर के ईवी चार्जिंग बिजनेस का हिस्सा बन सकते हैं और पहले शुरुआत करने का फायदा उठा सकते हैं।

# एटा गुरुकुल के पीछे गौ वंश की गोली मारकर हत्या



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कासगंज रोड स्थित गुरुकुल के पीछे एक नंदी महाराज की गोली मारकर हत्या करना बताया जा रहा है। ऐसी तमाम एक के बाद एक जिला में घटनाओं को अंजाम देने के पीछे आखिर कहीं किसी का राजनितिक स्वार्थ तो नही.. अब जो भी हो लेकिन इतनी बड़ी संख्या में गौ हत्या के पीछे का सच क्या है? यह तो अब पुलिस की छानबीन के बाद ही पता चल सकेगा इन सब के पीछे आखिर मकसद क्या है और कौन यह सब करा रहा है....! इधर नंदी महाराज की हत्या की सूचना मिलते ही मौके पर विश्व हिंदू परिषद की टीम पहुंची और इलाका पुलिस को सूचना दी गई। अब देखना होगा कि जनपदीय पुलिस कितनी जल्दी इन घटनाओ (निर्मम हत्या) के पीछे की साजिश से पर्दा उठा पाती है?!

# भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने में सबका कल्याण, मौसमी शर्मा




क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- बी आर जीनियस इंटरनेशनल स्कूल में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व गुरुवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ गया। इस मौके कालेज के निदेशक अंकुर गंगवार एवं प्रधानाचार्या मौसमी शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस मौके पर श्रीमती शर्मा ने अपने सम्बोधन में भगवान बुद्ध के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उसे आत्मसात करने का आह्वान किया। प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों रमन, आराध्या, प्रशांत,अमित, मो0नवी और पीहू ने विशेष असेंबली में गौतम बुद्ध के जन्म से उनके बुद्ध बनने तक की यात्रा का वर्णन बहुत ही मनोरम नाट्य रूपांतरण करके किया। कक्षा 10 की छात्रा अदिति ने मंच संचालन किया। इस मौके पर विद्यालय के कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका चंद्रा कुमारी ने किया। इस उपलक्ष्य में नासिर हुसैन, के. पी गंगवार, रहीस अहमद, रश्मी, चंदा, मोनिका, वंदना, अंजली, पूजा, नताशा, नगमा, आसिफ, राकेश, चरण सिंह, नवनीत,साहिल, सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# भीषण सड़क हादसे में युवक की हुई दर्दनाक मौत

प्रेमचंद जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- बारात जा रहे बाइक सवार व साइकिल सवार से जबरदस्त टक्कर बाइक चालक की हुई मौत जबकि साइकिल सवार समेत दो गंभीर रूप से घायल हो गए। आपको बता दें कि सिरसिया थाना क्षेत्र के चिल्हरिया निवासी राजेन्द्र गिरी उर्फ फूले बाबा पुत्र मुंशीराम गिरी गांव के ही ननकने पुत्र विजय बहादुर के साथ बाइक से बारात जा रहा था। बताया जाता है कि रास्ते में कोयलहवा गांव के पास पहुंचते ही बाइक के सामने अचानक साइकिल सवार आ गया और दोनों में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में साइकिल सवार समेत तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर पहुंचे लोगों ने घायलों को एंबुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने फूले बाबा को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य दोनों घायलों की स्थान नाजुक होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया गया है। वहीं हादसे की सूचना पर बाइक सवार घायलों के परिजन अस्पताल पहुंच चुके हैं। फूले की मौत की जानकारी होने पर उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वही सूचना पर पहुंची सिरसिया पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया गया हैं।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का तीन माह पहले लगा बोर्ड फिर भी नहीं चालू हो पाया सड़क का निर्माण कार्य




अरविन्द कुमार यादव
क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग श्रावस्ती द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विकास क्षेत्र जमुनहा के नानपारा गिरंट मार्ग के धन्नीपुरवा चौराहा ( बुध बाजार ) से चौबेडीह गांव तक 5 किलोमटर सड़क की मंजूरी पूर्व में ही मिल गई थी। ठेकेदार ने कार्यदायी संस्था का बोर्ड खड़ा कराके श्रावस्ती सांसद रामश्रीरोमणि वर्मा से फीता कटवाकर शिलान्यास समारोह आयोजित किया और अपना बोर्ड लगा दिया। किंतु आजतक निर्माण कार्य चालू नहीं हो पा रहा है जिसके चलते आज भी लोग उखड़े सड़क पर पड़े बिखरे पत्थरों पर चलने के लिए विवश हो रहे हैं। यहां तक लोग बोर्ड लगा सड़क देखकर रोज उम्मीद जता रहे ह
" कि शायद अब इस मार्ग पर निर्माण कार्य चालू हो जाए और क्षेत्र में चलने के लिए यह सड़क जल्द बन जाए। क्षेत्रवासी कृपा राम यादव, विजय कुमार, शिक्षक रमेश कुमार यादव , अकबाल बहादुर सिंह, रामदीन, मनीष कुमार, रामदयाल शर्मा , मुन्ना खां, पहलवान खां , ताहिर सहित अन्य क्षेत्र के लोगों ने इस चौबेडीह सड़क को जल्द बनवाने की मांग श्रावस्ती जिला प्रशासन से की है।इस मार्ग के बनने से जमुनहा तहसील, सीएचसी मल्हीपुर ,ब्लाक मुख्यालय के साथ ही पालिटेक्निक कालेज एवं राजकीय महाविद्यालय पहुंचने में आम नागरिकों को आसानी हो सकेगी।

## राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने भी अनाथालयों में बच्चों की सुविधा के लिए और सुधार करने पर जोर दिया



सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना - राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग नई दिल्ली ने लुधियाना जिले का दौरा किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की सदस्य श्रीमती प्रीति भारद्वाज दलाल सहित अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती अनीता दर्शी भी उपस्थित थीं। टीम ने लुधियाना जिले में शिमलापुरी, गिल नहर के पास स्थित बाल गृहों का गहन निरीक्षण किया और सभी कर्मचारियों के साथ तैनात कर्मचारियों से मुलाकात की। उन्होंने जांच के दौरान कहा कि बच्चों की सुविधा के लिए और सुधार किए जाने चाहिए। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग की टीम ने अनाथालय के बच्चों से भी बातचीत की और उनकी कठिनाइयों के बारे में जानने की कोशिश की।इसके तुरंत बाद राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग की टीम ने जिला कार्यक्रम अधिकारी लुधियाना के कार्यालय में जिला प्रशासन के साथ बैठक की।

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग द्वारा विभागीय अधिकारियों को सरकार के विभिन्न विभागों में बच्चों की सुरक्षा के लिए समय-समय पर आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा गया था। अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती अनीता दर्शी ने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग को आश्वासन दिया कि प्रशासन सदैव एनसीपीसीआर रहेगा। बाल चिकित्सालय द्वारा जारी निर्देशों का विस्तार से पालन किया जाता है और बाल गृहों के बच्चों के सुधार के लिए हर संभव प्रयास किया जाता है।

# एटा के कस्बा मारहरा के गांव नगला कोठी मैं वृद्धा के तालाब में गिरने से हुई मौत

योगेश मुदगल
क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- कस्बा मारहरा में गांव नगला कोठी विद्यालय के सामने तालाब में गुरुवार को प्रात: 4-00 बजे 70 वर्षीय हरप्यारी की तालाब में गिरने से मौत हो गई तालाब में दल दलहोने के कारण बाहर न निकल सकी और उसमे फंस गई मौत के प्रकरण में परिवार के खेमकरण ने बताया कि सुबह 4-00 बजे सोच के लिए चाची हर प्यारी गई हुई थी अचानक प्राथमिक विद्यालय के सामने तालाब में वर्षा का पानी भर गया था उसमें उनका पैर फिसलने से वह तालाब के दलदल में फंस गई और उनकी मृत्यु हो गई गांव के ही लोगों ने बताया कि यह तालाब सरकारी स्कूल के सामने है बच्चे स्कूल के बाहर खेलते हैं बच्चों के साथ भी कभी भी घटना हो सकती है ग्रामीणों ने प्रशासन से तालाब पर तारकशी कराने की मांग की है

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## डीएम, एसएसपी ने अध्यक्ष एंव सभासद पद के प्रत्याशियों व गणमान्य नागरिकों के साथ की बैठक

### आचार संहिता के अनुपालन में बर्दाश्त न होगी लापरवाही



योगेश मुदगल
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- 11 मई को होने वाले निकाय चुनाव के मतदान के मद्देनजर डीएम एंव एसएसपी ने अध्यक्ष एंव सभासद पद के प्रत्याशियों के साथ साथ गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होने सभी प्रत्याशियों को आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में लापरवाही बर्दाश्त न किये जाने की चेतावनी दी। मारहरा थाना में आयोजित बैठक में डीएम अंकित अग्रवाल ने कहा, कि जनपद में आदर्श आचार संहिता व धारा 144 लागू है। पुलिस व प्रशासनिक टीमें लगातार पेट्रोलिंग कर रहीं हैं। माहौल को बिगाडने का प्रयास कोई भी न करे। प्रत्याशियों को बताया, कि सरकारी इमारतों पर किसी प्रकार की प्रचार सामिग्री न चिपकायें। कोई भी प्रत्याशी मतदाताओं को उपहार अथवा अन्य किसी प्रकार का लालच न दे। उन्होने जनता से मतदान का प्रतिशत बढाने की अपील की। एसएसपी उदयशंकरसिंह ने कहा, कि चुनाव प्रजातंत्र का पर्व है। इसे शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करें। मतदान के दिन हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जायेगी। कोई भी शांति भंग करने का प्रयास न करे। मतदान के लिए पर्याप्त पुलिसबल की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा मोबाइल पुलिस वैन भी तैनात की गईं हैं। एसडीएम शिवकुमारसिंह ने पालिका क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्र और बूथों की जानकारी से अवगत कराया। इससे पूर्व अधिकारियों ने अतिसंवेदनशील मोहनसती बूथ का भी निरीक्षण किया। वहां व्यवस्थाओं को परखने के साथ साथ ग्रामीणों के साथ बातचीत की। इस मौके पर सीओ सदर सुनील कुमार त्यागी, एसओ सत्यपालसिंह, पूर्व पालिकाध्यक्ष परवेज जुबैरी, विजय कुमार शाश्त्री, राहुल भारद्वाज, भाजपा प्रत्याशी राजनश्री, सपा प्रत्याशी शशिप्रभा, बसपा प्रत्याशी निर्मलादेवी, कांग्रेस प्रत्याशी गंगादेवी, गुप्ता, महेन्द्र दिवाकर, कृष्णगोपाल गुप्ता, विश्वजीतसिंह, धीरेन्द्र कुमार, भरतसिंह अम्बे, गौरव, प्रेमचन्द्र साहू, बृजनंदन प्रधान, असलम खान आदि मौजूद रहे।

# शिवम ने हाथ-पैर खोले और तस्कर को पकड़ने का प्रयास किया

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जाते समय तस्करों ने मोबाइल दे दिया था, लेकिन बाद में मोबाइल से सूचना न दे दे यह कहते एक तस्कर लौटा और फोन ले जाने लगा। इतने में शिवम ने हाथ-पैर खोले और तस्कर को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन तस्कर भागने में सफल रहा। इसके बाद तीनों बंधन खोलकर गांव पहुंचे और ग्रामीणों को जानकारी दी। रात में ही पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अफसरों के अलावा हिन्दूवादी संगठन के पदाधिकारी भी रात में ही मौके पर पहुंच गए। सुबह-सुबह



होते-होते भीड़ इकट्ठा हो गई। मौके से गोवंशों के अवशेष जेसीबी की मदद से दफना दिए गए। डीएम अंकित अग्रवाल, एसएसपी उदय शंकर सिंह, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाहा, सीओ सिटी विक्रांत द्विवेदी, सीओ अलीगंज सुधांशु शेखर आदि ने घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। मामले की रिपोर्ट 30 तस्करों के खिलाफ दर्ज की गई है। जो लोग बंधक बनाए थे उन्होंने पूछताछ में कच्छा-बनियान पहने होने की बात कहीं है। यह भी हो सकता है कि खून के धब्बों से बचने को तस्करों ने कपड़े उतारे हों। -धनजंय कुशवाह, एएसपी

# सांसद संजीव अरोड़ा "गोरक्षक पुरस्कार" से सम्मानित




सत पाल सोनी
क्यूँ न लिखूँ सच

लुधियाना - श्री गोविंद गोधाम ट्रस्ट और वृंदावन और भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव कमेटी ने संयुक्त रूप से `आप' सांसद ( राज्यसभा ) संजीव अरोड़ा को पीड़ित मानवता, कैंसर के मरीजों और गायों के कल्याण के लिए निस्वार्थ सेवा प्रदान करने के लिए किये जा रहे सराहनीय कार्य हेतु कल देर शाम यहां आयोजित गेट-टूगेदर पार्टी में गोरक्षक पुरस्कार प्रदान किया है। इस अवसर पर बोलते हुए, संजीव अरोड़ा ने श्री गोविंद गोधाम ट्रस्ट के लिए 10 लाख रुपये के अनुदान की - घोषणा की और दशकों से शहर में एक गौशाला का सफलतापूर्वक संचालन करके गायों की देखभाल और कल्याण के लिए किये जा रहे कार्य के लिए ट्रस्ट के आयोजकों की अत्यधिक सराहना की। उन्होंने गौशाला के महत्व और आवश्यकता के बारे में भी बताया। उन्होंने हर साल शहर में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकालने के लिए वृंदावन और भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव कमेटी के आयोजकों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन लोगों को आध्यात्मिकता के करीब लाने में मदद करते हैं, उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा पिछले 26 वर्षों से निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों का विशेष रूप से वर्तमान युग में बहुत महत्व है जब लोग अधिक भौतिकवादी होते जा रहे हैं। सुखदर्शन जैन भोला, एमडी, होटल महाराजा रीजेंसी और अन्य द्वारा उन्हें %दोशाला% भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर बोलने वालों में एडवोकेट संजीव सूद बांका, सतीश ढांडा, राजेश जैन बॉबी, वरिंदर शर्मा बॉबी, सतीश गुप्ता, सोमनाथ जिंदल, मदन गोयल, दर्शन लाल लड्डू, टीएस थापर, अशोक धीर, राजिंदर छाबड़ा और विवेक शर्मा टिक्कू शामिल थे। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अश्विनी जोशी को भी सम्मानित किया गया।

# उपमहानिरीक्षक अलीगढ़ द्वारा गोष्ठी आयोजित




निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज -आगामी नगर निकाय चुनाव शांतिपूर्ण, सुदृढ़ कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक अलीगढ़ रेंज सुरेश राव आनन्द कुलकर्णी व पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा पुलिस कार्यालय सभागार में पुलिस अधिकारियों के साथ गोष्ठी की , उन्होंने समस्त थाना प्रभारियों से चुनावी तैयारियों की जानकारी प्राप्त की तथा माहौल खराब करने वाले अराजक तत्वों , सोशल मीडिया का ग़लत इस्तेमाल करने वालों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कठोर कार्यवाही के प्रति आगाह किया।

### भाजपा ने तेज की चुनावी तैयारियां

नगर निकाय चुनाव को लेकर भाजपा के लिए प्रतिष्ठा की सीट माने जाने वाली कासगंज निकाय अध्यक्ष पद उम्मीदवार मीना माहेश्वरी जो पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रहे राजेंद्र बौहरे की पत्नी हैं ,के चुनाव प्रचार में भाजपा की ओर से विकास रथ यात्रा सहित जहां पूरी जिला कार्यकारिणी सक्रिय है वहीं आज पटियाली में भाजपा प्रत्याशी कंचन शाक्य को चुनाव जिताने के लिए भाजपा सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भैया ने एक चुनावी सभा की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बिना भेदभाव के 09 साल से केंद्र में और 06साल से प्रदेश में भाजपा की सरकार है
जिसको लगातार आपका सहयोग मिल रहा है , उन्होंने मतदाताओं से कंचन शाक्य को भारी मतों से जिता कर भाजपा को मजबूत करने की अपील की । इस अवसर पर प्रो.नीरज किशोर मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष के पी सिंह सोलंकी , पूर्व विधायक ममतेश शाक्य ,जिला पंचायत अध्यक्ष पति बौबी कश्यप , विधायक सदर देवेन्द राजपूत ,अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा , ब्लाक प्रमुख के पति नरेंद्र बहादुर चौहान , विनोद दुबे , मुकेश चतुर्वेदी , रसूल अहमद , इस्लाम नबी , पप्पू खलीफा , भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव चौहान सहित बड़ी संख्या में मतदाता मौजूद थे ,05 म ई को सोरों नगर पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रामेश्वर दयाल मेहरे के समर्थन में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्य द्वारा एक जनसभा करने का समाचार है , उनके नामांकन करते समय जिले के प्रभारी मंत्री संदीप सिंह भी उपस्थित रहे थे।

# प्रज्ञा शर्मा ने पास की नेशनल डिफेंस एकेडमी परीक्षा एंट्रेंस टेस्ट



निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जलेसर नगरी की होनहार बिटिया प्रज्ञा शर्मा ने संघ लोक सेवा आयोग की नेशनल डिफेंस एकेडमी परीक्षा के एंट्रेंस टेस्ट को पास करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है ।बताते चलें कि प्रज्ञा शर्मा इस समय दयालबाग यूनिवर्सिटी से अपना ग्रेजुएशन कर रही हैं और वह एनसीसी फर्स्ट ईयर की भी स्टूडेंट्स है प्रज्ञा शर्मा ने हाईस्कूल की परीक्षा में 93त्न और इंटर की परीक्षा में 96त्न अंक सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में प्राप्त किए थे यह होनहार बच्ची आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है। प्रज्ञा शर्मा की दादी कुसुम लता शर्मा माधुरी राज्यपाल पुरस्कृत, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका हैं उनके दादाजी रामगोपाल शर्मा मधुर जी भी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक हैं। बेटी के पिताजी रविकांत शर्मा पूर्व ए आर पी गणित विकास क्षेत्र जलेसर एवं महानिदेशक स्कूली शिक्षा द्वारा योग क्षेत्र में राज्य स्तर पर पुरस्कृत हैं एवं कहानी प्रतियोगिता में भी राज्य स्तर पर पुरस्कृत हैं। अब जुलाई में प्रज्ञा शर्मा का सर्विस सिलेक्शन बोर्ड द्वारा इंटरव्यू किया जाएगा जिसमें सेलेक्ट होने पर बेटी आर्मी में कमीशंड ऑफिसर के पद पर नियुक्त होगी । बिटिया के पास होने पर विनोद बिहारी शर्मा,नरेंद्र कुमार दीक्षित जी, एडवोकेट विष्णु गोपाल दिक्षित, सुशील तिवारी आशीष द्विवेदी प्रशांत पंडित आदि ब्राह्मण समाज के संभ्रांत नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया।